रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:45 | शनिवार, 18 अक्टूबर



## ब्रीफ न्यूज

### वीआईपी ने छह सीटों पर उतारे प्रत्याशी सहनी नहीं लड़ेंग

एजेंी

पटना :महागठबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के छह प्रत्याशियों ने प्रथम चरण की सीटों पर नामांकन किया। उम्मीदवारों ने नामांकन भरने के बाद अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। हालांकि सीटों को लेकर नाराज चल रहे मुकेश सहनी ने साफ कर दिया है कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति के अनुसार औराई से भोगेन्द्र सहनी को पार्टी ने सिंबल दिया है। जिन्होंने आज अपना नामांकन कर दिया। बरुराज से राकेश कुमार और गौराबौराम से संतोष सहनी नेपर्चा दाखिल किया।

### तेजस एमके 1ए विमान ने भरी पहली उड़ान

एजेंी

नई दिल्ली (एजेंसी) : अबदेश में वायुसेना की ताकत और भी तेजी से बढ़ने वाली है। भारत जिन लड़ाकू विमानों को अमेरिका फ्रांस और रूस से खरीदता था, अब इन लड़ाकू विमानों का निर्माण खुद ही करने लगा है। दरअसल, शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में तेजस एमके 1ए लड़ाकू विमान ने पहली बार उड़ान भरी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस लड़ाकू विमान का निर्माण हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने किया है। यह पहला जेट डिलीवर हुआ है। यह वही फाइटर जेट है, जिसका वायुसेना लंबे समय सेइंतजार कर रही थी।

### सीएम हेमंत छह नवंबर को सहायक आचार्यों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री हेमंत

संवाददाता

रांची:सोरेन छह नवंबर को लगभग सात हजार सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह सरायकेला में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले नियुक्ति पत्र वितरण समारोह रांची के हरमू मैदान में प्रस्तावित था। बताते चलें कि झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से चयनित इन अभ्यर्थियों में स्नातक प्रशिक्षित और इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य दोनों वर्ग शामिल हैं। सामाजिक विज्ञान विषय के 2,748 पद सम्मिलित हैं, जिनका परिणाम सबसे अंत में घोषित किया गया था। यह परीक्षा कुल 26,001 पदों के विरुद्ध आयोजित की गई थी, लेकिन अभी तक 9,348 अभ्यर्थियों काही चयन हो सका है।बताते चलें कि झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से चयनित ।

## सीएम हेमंत सोरेन ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट की समीक्षा की, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

रांची, संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लातेहार जिला में प्रस्तावित टाइगर सफारी प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन देखा। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के समक्ष अधिकारियों ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी रखी। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि यह प्रोजेक्ट झारखंड का पहला टाइगर सफारी प्रोजेक्ट होगा। लातेहार जिला के पुटूवागढ़ क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जो पलामू टाइगर रिजर्व से बाहर का क्षेत्र है। इस निमित्त विभाग द्वारा भूमि चिन्हित कर ली गई है। टाइगर सफारी प्रोजेक्ट बेतला नेशनल पार्क के नजदीक क्षेत्र में बनाए जाने की योजना है। टाइगर सफारी प्रोजेक्ट बनने से डाल्टनगंज, बरवाडीह,



मंडल डैम क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों को आजीविका का बेहतर साधन मिलेगा। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी कि इस प्रोजेक्ट के बनने से पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) क्षेत्र के इको टूरिज्म सर्किट, जो नेतरहाट- बेतला- केचकी से लेकर मंडल डैम तक विस्तारित है, इसके विकास में यह प्रोजेक्ट एक



महत्वपूर्ण कड़ी बनेगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को अधिकारियों ने अवगत कराया कि टाइगर सफारी परियोजना की स्थापना निर्धारित सभी मानकों का अनुपालन करते हुए की जायेगी।टाइगर सफारी बनने से इस क्षेत्र के समुचित विकास की पूरी संभावना है। इस योजना के विस्तार से टूरिज्म क्षेत्र में पर्यटकों के लिए बाघों और अन्य वन्यजीवों को करीब से देखने का एक आकर्षक और नया मौका होगा। यह झारखंड का पहला टाइगर सफारी होगा, जिसका उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वाइल्डलाइफ परितोष उपाध्याय, पलामू टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर एस०आर० नाटेश, उप निदेशक पलामू टाइगर रिजर्व प्रजेश जेना, कंसल्टेंट अशफाक अहमद सहितअन्य मौजूद थे।

### विधानसभा चुनाव : नीतीश कुमार से मुलाकात के पहले गृह मंत्री अमित शाह बोले

# बिहार में एनडीए की जीत के बाद तय होगा मुख्यमंत्री का नाम

### 20 सालों में सबसे बड़ी बहुमत वाली बनेगी एनडीए की सरकार : अमित शाह

एजेंसी

पटनाःशुक्रवार से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीश दिनों के बिहार दौरे पर हैं। सबसे पहले उन्होंने पटना में सीएम नीतीश से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच लगभग 15 मिनट तक चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। मुलाकात से पहले शाह ने कहा- वर्तमान में नेशनल डेमोक्रेसी (एनडीए) नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है। उन पर न सिर्फ भाजपा, बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है। एनडीए की जीत के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला विधायक दल करेगा। शाह के बयान पर जीतनराम मांझी ने कहा- चुनाव से पहले नेता यानी होने वाले मुख्यमंत्री का भी नाम तय हो जाना चाहिए था। सौभाग्यवश एनडीए में अब तक सब कुछ ठीक रहा है। कोई दुविधा नहीं होनी चाहिए। दूसरी ओर



महागठबंधन का हिस्सा विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) चीफ मुकेश सहनी ने शुक्रवार को चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने दरभंगा की गौराबौराम सीट से संतोष सहनी (भाई) को उम्मीदवार बनाया। सहनी ने कहा- मुझे राज्यसभा नहीं चाहिए, डिप्टी सीएम बनना है। अब मैं अपने प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करूंगा। सहनी ने कांग्रेस के राज्यसभा सीट का ऑफर ठुकरादिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सारण जिले के तरैया विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार जनक सिंह के पक्ष में चुनावी सभा की।

#### महागठबंधन का फार्मूला अब तक तय नहीं

चुनाव को लेकर महागठबंधन में सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला अभी तक तय नहीं हो पाया है। 6 नवंबर को होने वाले प्रथम चरण में 121 सीटों पर मतदान के लिए शुक्रवार को नामांकन की अंतिम तिथि समाप्त हो गई। बता दें कि कांग्रेस 48 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। राजद ने एक भी लिस्ट जारी नहीं की। कई उम्मीदवारों को बिना किसी औपचारिक घोषणा के ही चुनाव चिन्ह मिले हैं।

#### पहले यहां चलती थी फिरौती और अपहरण की इंडस्ट्री

शाह ने कहा कि पहले बिहार में अपहरण और फिरौती की इंडस्ट्री चलती थी। अब बिहार में सड़क और उद्योग लगाने का काम राजग की सरकार कर रही है। अमित शाह ने कहा कि 550 साल तक रामलला अपनी जन्मभूमि पर एक झोपड़ी में विराजमान थे। जब मंदिर बनाने की बात उठी, तो कांग्रेस और उनके साथी दलों ने विरोध किया। नरेन्द्र मोदी जी ने 2019 में राम मंदिर का भूमि पूजन किया ।

### रैयत विस्थापित मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

## 8 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा



संवाददाता

पिपरवार : रैयत विस्थापित मोर्चा (आरवीएम) के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व में छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम को शाल एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया तथा रैयत विस्थापितों की आठ सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल ने ज्ञापन पर सहानुभूति जताते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि पिपरवार, एनके, मगध, संघमित्रा, आम्रपाली-चंद्रगुप्त, राजहरा, बरका-सयाल, जारंगडीह, ढोरी तथा केरेडारी-बड़कागांव जैसे क्षेत्रों से राज्य और केंद्र सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन इन क्षेत्रों के विस्थापित व प्रभावित परिवार मूलभूत जनसुविधाओं से अब भी वंचित हैं। खनन क्षेत्र के बीच रहने वाले ग्रामीणों को सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से जूझना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि विस्थापितों को पुनर्वास, मुआवजा, नौकरी तथा निजी कंपनियों में रोजगार दिया जाए। साथ ही विस्थापित युवाओं को एक करोड़ रुपये तक का ठेका-पट्टा कार्य उपलब्ध कराया जाए।

## नया इंकलाब : छोड़ी बंदूकें और थामी किताब

### छत्तीसगढ़ में 208 नक्सलियों ने एक साथ डाले हथियार




एजेंसी

छत्तीसगढ़ : शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम के समक्ष 210 इनामी नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। मुख्यधारा में लौटकर नक्सलियों ने अपने 153 हथियार पुलिस को सौंपे। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कैडरों में एक करोड़ से पांच लाख तक के इनामी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की व्यापक नक्सल उन्मूलन नीति तथा पुलिस, सुरक्षाबलों, स्थानीय प्रशासन और अन्य हितधारकों के प्रयासों की ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत अधिकारिक तौर पर दंडकारण्य क्षेत्र के 210 इनामी नक्सली कैडर, जिनमें एक सेंट्रल कमेटी सदस्य, 4 डीकेएसजेडसी सदस्य 21 डिविजनल कमेटी सदस्य तथा अन्य वरिष्ठ नक्सली कैडर शामिल हैं। उन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़कर सामाजिक मुख्यधारा में वापसी की। शीर्ष नक्सली कैडर सीसीएम रूपेश उर्फ सतीश, डीकेएसजेडसी भास्कर उर्फ राजमन मांडवी, डीकेएसजेडस रनीता, डीकेएसजेडस राजू सलाम, डीकेएसजेडस धन्नू वेत्ती उर्फ संतू, आरसीएम रतन एलम समेत कुल 210 इनामी नक्सली कैडर मुख्यधारा में लौट आए हैं।

### जस्टिस पर टिप्पणी मामले में हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

## वकील महेश तिवारी पर आपराधिक अवमानना का केस, जवाब तलब

संवादाता

रांची : झारखंड हाईकोर्ट की फुल बेंच ने न्यायपालिका पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में अधिवक्ता महेश तिवारी के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए आपराधिक अवमानना का मामला दर्ज किया है। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी। वहीं, अधिवक्ता महेश तिवारी को नोटिस जारी किया गया है और तीन हफ्ते में जवाब मांगा गया है। दरअसल, घरेलू बिजली कनेक्शन और बिल से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान गुरुवार को जस्टिस राजेश कुमार की बेंच में महेश तिवारी



और जस्टिस के बीच तीखी बहस हुई। यह सुनवाई यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम की जा रही थी और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में महेश तिवारी कहते दिखे, 'मैं अपने तरीके से बहस करूंगा, न कि आपके तरीके से। कृपया ध्यान दें। किसी वकील को अपमानित करने की कोशिश मत कीजिए। देश न्यायपालिका को लेकर जल रहा है। मैं पिछले 40 साल से कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहा हूं।' यह बहस उस समय हुई जब याचिकाकर्ता पुष्पा कुमारी की ओर से दलीलें पेश करते हुए अधिवक्ता महेश तिवारी ने अदालत को बताया कि उनसे बिल और जुर्माने के तौर पर 1.30 लाख रुपए से अधिक राशि मांगी जा रही है। उन्होंने अनुरोध किया कि दीपावली के मद्देनजर केवल 10-15 हजार रुपए जमा करवाकर कनेक्शन बहाल किया जाए। जस्टिस कुमार ने कहा, 'हम यहां दया के आधार पर न्याय करने नहीं बैठे हैं।

**सियासत** | जेएमएम के सोमेश और भाजपा के बाबूलाल ने भरा नामांकन, दोनों धड़ों ने दिखाई सियासी ताकत

# घाटशिला उपचुनाव में जुबानी गोलाबारी

एजेंसी

जमशेदपुर : झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के सोमेश सोरेन और भारतीय जनता पार्टी के बाबूलाल सोरेन ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस दौरान झारखंड में एनडीए और इंडिया गठबंधन के कई बड़े चेहरे उपस्थित रहे। प्रत्याशियों के नामांकन के बाद घाटशिला में दोनों सियासी धड़ों की ओर से अलग-अलग स्थानों पर जनसभाओं का आयोजन किया गया। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर 2024 के चुनाव में झामुमो के रामदास सोरेन ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद उन्हें हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल में शिक्षा मंत्री के तौर पर जगह दी थी। तीन माह पहले उनके आकस्मिक निधन की वजह से यहां उपचुनाव कराया जा रहा है। हेमंत सोरेन सरकार (पार्ट-टू) के अब तक के करीब एक वर्ष के कार्यकाल में किसी सीट पर यह पहला उपचुनाव है, जिसमें पक्ष-विपक्ष की साख दांव पर है झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के नामांकन के बाद आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी जनता लूट और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। मरांडी ने लोगों से ऐसी सरकार को सबकसिखाने की अपील की।





### विपक्ष दर्जनों मुख्यमंत्रियों को उतार दे झारखंड का मुख्यमंत्री भारी पड़ेगा : हेमंत

जमशेदपुर :झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को घाटशिला में पार्टी प्रत्याशी सोमेश सोरेन के नामांकन के बाद सर्कस मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारे विपक्ष इस उपचुनाव में दर्जनों मुख्यमंत्रियों को प्रचार में लगाएगा, लेकिन मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि वे दो दर्जन मुख्यमंत्री भी उतार देंगे, तब भी झारखंड का मुख्यमंत्री उन पर भारी पड़ेगा।' हेमंत सोरेन ने आगे कहा, 'झारखंड का मुख्यमंत्री मैं नहीं, बल्कि झारखंड की जनता है। उसकी ताकत ही मेरी ताकत है। इसी ताकत और विश्वास की बदौलत मैं झामुमो प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत को लेकर आश्वस्त हूं।' सोरेन ने कहा कि विपक्षी नेता चुनाव प्रचार के दौरान जुबानी गोलाबारी करेंगे, लेकिन हम उन्हें ऐसा जवाब देंगे कि वे जहां से आए हैं, वहां से बहुत दूरचले जाएंगे।

## पहले चरण का नामांकन पूरा, सीटों का सार्वजनिक तौर पर एलान नहीं

### बिहार में महागठबंधन की 'गांठ' नहीं खुली

एजेंसी

पटना : बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है और लगभग 95 फीसदी प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। इसके विपरीत, विपक्षी महागठबंधन अब तक सीट बंटवारे के फार्मूले पर अंतिम सहमति नहीं बना सका है। कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 48 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं, जबकि राजद ने भी अपने कुछ पुराने विधायकों और नए चेहरों को सिंबल दिया है। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि पार्टी कुल कितनी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार रही है। वामदलों के



लगभग 80 फीसदी प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा भर दिया है, जिससे यह साफ है कि महागठबंधन के भीतर तालमेल की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। सूत्रों के अनुसार, कई सीटों पर कांग्रेस और राजद के बीच पेंच अब भी फंसा हुआ है। परिणामस्वरूप कांग्रेस ने पहले चरण के लिए कुछ सीटों पर 'अलग नीति' अपनाई है। जिन 121 सीटों पर पहले चरण में मतदान होना है, उनमें से छह सीटों पर कांग्रेस और राजद दोनों ने उम्मीदवार उतारे हैं। इनमें वैशाली, बछवाड़ा, लालगंज, घोषी, झंझारपुर समेत कई सीटें शामिल हैं, जहां 'फ्रेंडली फाइट' की स्थिति बन गई है। भाजपा के प्रवक्ता नीरज कुमार ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'महागठबंधन की पोल खुल चुकी है। कहलगांव, बछवाड़ा, वैशाली, चनपटिया,

# प्रोफेसरों की प्रोन्नति पर लगी जेपीएससी की मुहर, छह विवि के 488 शिक्षकों को दीवाली से पहले मिली बड़ी सौगात

**रांची, संवाददाता**

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने लंबे समय से लंबित 2008 बैच के असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदोन्नति प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. आयोग ने दीपावली से ठीक पहले राज्य के छह विश्वविद्यालयों के कुल 488 शिक्षकों को स्टेज-1 से स्टेज-2 में प्रोन्नति की अनुशंसा कर दी है. यह प्रोन्नति विश्वविद्यालय प्रोन्नति नियमावली 2010 के तहत की गई है. गुरुवार को जेपीएससी अध्यक्ष एल. खियांग्ते की अध्यक्षता में हुई बैठक में सदस्य डॉ. अजिता भट्टाचार्य, डॉ. अनिमा हांसदा, डॉ. जमाल अहमद और सचिव संदीप सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने प्रोन्नति सूची पर मुहर लगाई. आयोग ने बताया कि कोल्हान विश्वविद्यालय और जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी से प्रस्ताव नहीं मिलने के कारण वहां के शिक्षकों की प्रोन्नति फिलहाल लंबित रखी गई है.



जेपीएससी सचिव संदीप सिंह ने कहा कि यह निर्णय राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाएगा. जिन मामलों में आवश्यक कागजात लंबित हैं, उन्हें नवंबर तक निपटाने का लक्ष्य रखा गया है ताकि कोई योग्य शिक्षक न छूटे. इस बैठक में आयोग ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी प्रोफेसर सह चीफ साइंटिस्ट पद के साक्षात्कार का परिणाम जारी करने का भी निर्णय लिया. आयोग ने बांग्ला विषय की शिक्षिका डॉ. मधुश्री सन्याल को स्टेज-4 से स्टेज-5 (रीडर से प्रोफेसर) में प्रोन्नति देकर प्रक्रिया की शुरूआत की. अब ये शिक्षक प्राध्यापक व प्रशासनिक अधिकारी बनने के पात्र होंगे. प्रोन्नति के बाद ये सभी शिक्षक अब विश्वविद्यालयों में प्राध्यापक तथा गैर-शैक्षणिक पदाधिकारी बनने की योग्यता प्राप्त कर चुके हैं.

### किन-किन विषयों में हुई पदोन्नति

अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगर्भशास्त्र, गणित, समाजशास्त्र, इतिहास, मैथिली, म्यूजिक, परशियन, संताली, गृह विज्ञान, मानवशास्त्र, उर्दू, भूगोल, वाणिज्य, वनस्पतिशास्त्र, जंतु विज्ञान, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, भौतिकी, दर्शनशास्त्र और रसायनशास्त्र हैं. झारखंड प्रोफेसर एसोसिएशन ने जेपीएससी और राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह निर्णय शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने वाला है. एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार ने कहा कि भले ही देर से सही, पर यह फैसला उच्च शिक्षा में सकारात्मक ऊर्जा लेकर आएगा. आने वाले समय में इसका लाभ राज्य के विश्वविद्यालयों को मिलेगा.

### विश्वविद्यालयवार पदोन्नति विवरण

| | |
|---|---|
| रांची विश्वविद्यालय | 177 |
| डीएसपीएमयू | 33 |
| विनोबा भावे विश्वविद्यालय | 66 |
| नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय | 23 |
| सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय | 120 |
| विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय | 69 |

## 5वीं इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के सदानंद व रोशन ने जीता रजत

**रांची।** तेलंगाना के वारंगल स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही 5वीं इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया.हजारीबाग के सदानंद कुमार ने 100 मीटर दौड़ में 10.56 सेकंड का समय लेकर रजत पदक जीता. वहीं बोकारो भाटिया अकादमी के पूर्व प्रशिक्षु रौशन कुमार ने 20 किलोमीटर रेस वॉक में 1 घंटा 28 मिनट 13 सेकंड का समय लेकर रजत पदक अपने नाम किया. इस उपलब्धि पर झारखंड के खिलाड़ियों को राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर, झारखंड एथलेटिक्स संघ के चेयरमैन डॉ. मधुकांत पाठक, अध्यक्ष सी.डी. सिंह, सचिव एस.के. पांडे सहित संघ के सभी पदाधिकारियों और कोचों ने बधाई दी.इन दो रजत पदकों के साथ झारखंड ने एक बार फिर एथलेटिक्स में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज की है।

# रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने दिवाली, काली पूजा व छठ की तैयारी को लेकर की बैठक

**रांची, संवाददाता**

रांची में आने वाले दिवाली, काली पूजा और छठ पर्व की तैयारियों को लेकर आज उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई. बैठक में नगर निगम, पुलिस, बिजली, जलापूर्ति, स्वास्थ्य, परिवहन, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे. उपायुक्त ने कहा कि सभी पर्व शांति और सौहार्द के माहौल में मनाए जाएं. उन्होंने साफ कहा कि छठ घाटों की सुरक्षा, सफाई और रोशनी की व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी. उपायुक्त ने कहा कि छठ पूजा लोक आस्था का पर्व है. इसे शांति और आपसी सहयोग के साथ संपन्न कराना हमारी जिम्मेदारी है. उन्होंने ध्वनि प्रदूषण पर खास ध्यान देने को कहा और बताया कि हाईकोर्ट के निदेशों के मुताबिक सभी नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा.



### उपायुक्त के मुख्य निर्देश

1. सुरक्षा व्यवस्थाः हर घाट पर पर्याप्त पुलिस बल और महिला पुलिस की तैनाती हो.
2. सफाईः नगर निगम समय पर सभी घाटों की सफाई, चूना छिड़काव और अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था करे.
3. स्वास्थ्य सुविधाः हर बड़े घाट पर हेल्थ कैंप और प्राथमिक उपचार केंद्र लगाया जाए.
4. बिजली-पानीः बिजली विभाग निर्बाध सप्लाई दे और जल विभाग घाटों पर पर्याप्त पानी की व्यवस्था रखे.
5. ट्रैफिकः ट्रैफिक पुलिस घाटों की ओर जाने वाले रास्तों पर खास यातायात योजना बनाए.
6. आपदा प्रबंधन : एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की टीम को अलर्ट मोड में रखा जाए.
7. सुरक्षा बैरिकेडिंगः सभी तालाबों और घाटों में सुरक्षित गहराई तक बैरिकेडिंग की जाए.
8. चेंजिंग रूमः घाटों पर अस्थायी चेंजिंग रूम बनाए जाएं.
9. वालंटियरः स्थानीय वालंटियर भी सक्रिय रूप से सहयोग करें.
10. फोन रिस्पॉन्सः बिजली विभाग के सभी अधिकारी अपने फोन समय पर उठाएं ताकि कोई दिक्कत न हो.
11. सीसीटीवीः सभी प्रमुख जगहों पर कैमरे लगाए जाएं.
12. पुलिस पेट्रोलिंगः असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए लगातार पेट्रोलिंग की जाए.
13. साफ-सफाईः सभी काली पूजा पंडालों और छठ घाटों की सफाई की जाए.
14. समिति समन्वयः छठ और काली पूजा समितियों के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए ताकि समन्वय बना रहे.

# राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ पुष्पा की अध्यक्षता में परिवार नियोजन योजनाओं की प्रगति

**रांची, संवाददाता**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के तहत शुक्रवार को नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता राज्य नोडल पदाधिकारी (परिवार नियोजन) डॉ पुष्पा ने की. इसमें विभिन्न जिलों के एसीएमओ, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और जिला लेखा प्रबंधक शामिल हुए. बैठक में परिवार नियोजन से संबंधित जागरूकता अभियानों की प्रगति की समीक्षा की गई. डॉ पुष्पा ने कहा कि सारथी वैन और सास-बहू-पति सम्मेलनों जैसे स्थानीय माध्यमों का उपयोग कर परिवार नियोजन कार्यक्रमों में तेजी लाई जाएगी. उन्होंने ग्रामीण और वंचित समुदाय तक सभी परिवार नियोजन सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने पर जोर दिया. साथ ही अंतरा कार्यक्रम जैसी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि के भुगतान की स्थिति



पर चर्चा की गई. डॉ लाल मांझी ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वे परिवार नियोजन की विभिन्न विधियों पर सटीक परामर्श दे सकें. उन्होंने FP-LIMS पोर्टल के माध्यम से सेवाओं की ऑनलाइन निगरानी की प्रगति की भी समीक्षा की. राज्य समन्वयक गुंजन खलखो ने कहा कि युवा और किशोर वर्ग में परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता बढ़ाने के विशेष प्रयास किए जाएंगे. समुदाय में परिवार नियोजन को अपनाने के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करने पर बल दिया जाएगा. बैठक में सुचन्द्रा पांडा, नवल किशोर यादव, रोहित कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

# रांची में धनतेरस को लेकर गुलजार हुआ बाजार, ग्राहकों के रूझान से व्यवसायी खुश

**रांची, संवाददाता**

धनतेरस को लेकर बाजार सज चुका है. एक से बढ़कर एक पारंपरिक सामान से लेकर अत्याधुनिक सामान, ग्राहकों को लुभा रहे हैं. ऑटोमोबाइल सेक्टर से लेकर सोना चांदी के आभूषण, ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं. इन सब के बीच कुछ ऐसे भी सामान हैं जो पारंपरिक रूप से धनतेरस के मौके पर खरीदे जाते हैं उसे भी व्यवसायी बाजार में लेकर आए हैं.

### बाजार में हर तरह का सामान उपलब्ध

एक तरफ महंगी गाड़ियों को खरीदने के लिए लोग पहले से ही बुकिंग करा चुके थे, दूसरी ओर नारियल, झाड़ू को भी बाजार में बड़ी संख्या में केरल और पश्चिम बंगाल से लाया गया है. गौरतलब है कि धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने की परंपरा रही है, जिसे



लोग लक्ष्मी का रूप में मानते हैं. इस साल नारियल झाड़ू की कीमत 50 रुपये से 70 रुपये तक है. फूल झाड़ू की कीमत 80 से 100 रुपये है. धनतेरस पर राज्य भर में ग्राहकों के उत्साह को देखते हुए इस साल बाजार में रौनक दिख रही है. जीएसटी में कमी की वजह से ऑटोमोबाइल सेक्टर में भारी छूट का फायदा ग्राहक उठाने में रुचि दिखा रहे हैं. इस मौके पर सोने चांदी से बने आभूषण और पीतल के बर्तन की मांग भी महंगाई के बावजूद काफी दिख रही है.

व्यवसायी और झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष दीनदयाल वर्णवाल कहते हैं कि जिस तरह से मार्केट में रुझान है, उससे लगता है कि इस साल झारखंड में 25 हजार करोड़ का कारोबार धनतेरस के मौके पर होगा. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जीएसटी के दरों में आई कमी की वजह से सामानों के दाम में आई कमी से अप्रत्याशित रूप से बिक्री बढ़ने की संभावना है. उन्होंने आगे बताया कि यह पहला मौका है जब सोना और सेंसेक्स में एक साथ उताव चढ़ाव देखा जा रहा है, जो हमारे देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का द्योतक है.

## रिम्स निदेशक का सख्त निर्देश, कर्मियों की अवधि विस्तार में देरी पर होगी कार्रवाई

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो डॉ राज कुमार ने संस्थान के अनुबंध और दैनिक मजदूरी पर कार्यरत कर्मियों की अवधि विस्तार में हो रही देरी पर चिंता जताई है. कई कर्मियों की अवधि विस्तार समय पर नहीं हो पा रही है, जिसके कारण उनका मानदेय और पारिश्रमिक लंबित हो रहा है. निदेशक ने यह भी उल्लेख किया कि अवधि विस्तार नहीं होने के बावजूद कुछ कर्मियों से कार्य लिया जा रहा है, जो Natural Justice के सिद्धांतों के प्रतिकूल है. उन्होंने सभी नियंत्रकों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने स्तर से ऐसी सभी संचिकाओं का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी कार्यरत कर्मचारी का वेतन या मानदेय लंबित न रहे. प्रो राज कुमार ने स्पष्ट कहा है कि यदि भविष्य में किसी कर्मचारी का मानदेय या वेतन केवल अवधि विस्तार में लापरवाही के कारण लंबित पाया जाता है।

# विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने किया न्यू फ्रेंड्स हीरो शोरूम का उद्घाटन

**रांची, संवाददाता**

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने आज रांची में नवनिर्मित न्यू फ्रेंड्स हीरो टू-व्हीलर शोरूम का उद्घाटन किया. इस अवसर पर शोरूम के प्रोप्राइटर दिनेश अग्रवाल ने ग्राहकों के लिए उपलब्ध विभिन्न स्कीमों, विशेष छूटों एवं आसान फाइनेंस विकल्पों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि धनतेरस के शुभ अवसर पर दोपहिया वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को कई आकर्षक ऑफर मिलेंगे. रविंद्र नाथ महतो ने उद्घाटन समारोह के दौरान रांची के बढ़ते बाजार और टरटए (माइक्रो, स्मॉल और मीडियम इंटरप्राइजेज) सेक्टर की संभावनाओं पर बात की. उन्होंने कहा जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ रही है वैसे-वैसे मांग भी बढ़ेगी. इससे बड़ी-बड़ी कंपनियां और उद्योगपति यहां निवेश के लिए आकर्षित होंगे. झारखंड की धरती



व्यापार के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाएगी. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड कोई नया औद्योगिक क्षेत्र नहीं है. टाटा जैसे देश के सबसे बड़े औद्योगिक समूह की उपस्थिति पहले से ही राज्य में है और अब रांची भी व्यापार और निवेश के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा. महतो ने छोटे व्यापारियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा आज एक छोटा प्रोपराइटरशिप व्यवसाय शुरू हुआ है लेकिन यही छोटे व्यापारी भविष्य में बड़े उद्योगों का रास्ता तैयार करेंगे. कई बड़ी कंपनियों ने राज्य सरकार से भूमि मिलने की स्थिति में निवेश की इच्छा भी जताई है।

# रांची में कारोबारी पर फायरिंग मामला, छह लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में

**रांची, संवाददाता**

जिले में सीमेंट-छड़ कारोबारी राधेश्याम साहू पर हुई गोलीबारी मामले में रांची पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है. कांड के उद्भेदन के लिए रांची पुलिस की कई टीमें एक साथ काम कर रही हैं.

### नेम्ड एफआईआर वाले रडार पर

कारोबारी राधेश्याम साहू पर हुई गोलीबारी मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई है. इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है. हिरासत में लिए गए लोगों में जमीन कारोबारी और बिल्डर शामिल हैं. जबकि पकड़े गए लोगों में दो रांची के पुंदाग के बिल्डर-जमीन कारोबारी शामिल हैं. पुलिस की टीम हिरासत में लिए लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है. हालांकि. अब तक पुलिस को कोई खास जानकारी नहीं मिली है.



वहीं पुलिस की एक टीम आसपास के जिलों में शूटरों की तलाश के लिए गई है. रांची ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि गोलीबारी मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया गया है. मामले के खुलासे के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं. सभी जांच कर रही हैं.

### पुरुषोत्तम समेत दो पर बेटे ने दर्ज कराया केस

वहीं, दूसरी तरफ जमीन कारोबारी पर हुए हमले को लेकर उनके बेटे सज्जन कुमार ने नगड़ी थाना में जमीन कारोबारी पुरुषोत्तम कुमार, शशि शेखर समेत अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है. सज्जन की ओर से पुलिस को दिए बयान में कहा गया कि उनके पिता राधेश्याम साहू का जमीन को लेकर पुरुषोत्तम और शशि के साथ विवाद चल रहा था. पुरुषोत्तम के साथ ढाई एकड़ जमीन को लेकर विवाद है. यह मामला न्यायालय में लंबित है. वहीं, दो माह पूर्व पटना निवासी शशि शेखर उनके पिता को फोन पर धमकी भी दी थी और कहा था कि मामले को क्लियर नहीं किया तो जान से मार देंगे. सज्जन ने पुलिस को बताया कि जिस वक्त अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था, उस वक्त उनके स्टॉफ संजय सिन्हा, नागेन्द्र दुबे और सोमरा उरांव मौके पर मौजूद थे.

# बड़ा तालाब लेक रोड का निर्माण चार दिन में ही फेल

**रांची, संवाददाता**

छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहार को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने बीते 4 दिन पहले बड़ा तालाब के पास स्थित लेक रोड का नवनिर्माण कार्य करवाया था. हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु बड़ी तालाब में छठ पूजा करने पहुंचते हैं, इसी को देखते हुए इस सड़क को जल्दबाजी में बनाया गया. लेकिन अब निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं. स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क का निर्माण रातों-रात किया गया और मात्र 4 दिन के भीतर ही सड़क की परतें उखड़ने लगी हैं. सड़क पर इस्तेमाल की गई गिट्टी और अलकतरा अब टिक नहीं पा रहे हैं. कई जगहों पर सड़क इतनी कमजोर है कि लोग उसे हाथों और पैरों से आसानी से उखाड़ दे रहे हैं. स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ये केवल दिखावे के लिए किया



गया काम है. सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही होती है और अगर इस तरह से सड़क बनाई गई तो ये ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाएगी. रांची की भारी बारिश के बाद यह पूरी तरह बिखर जाएगी. विरोध स्वरूप कुछ लोगों ने खुद अपने हाथों और पैरों से सड़क की परतें उखाड़ कर यह दिखा दिया कि निर्माण कार्य में किस हद तक लापरवाही बरती गई है. उनका आरोप है कि सड़क निर्माण में सही अनुपात में गिट्टी और अलकतरा का इस्तेमाल नहीं किया गया और यह जनता के टैक्स का दुरुपयोग है।

# मारवाड़ी कॉलेज बी.एससी के छात्र पवन का चयन एसएपी में 15 लाख रुपये के पैकेज पर

**रांची, संवाददाता**

मारवाड़ी कॉलेज के बी.एससी के छात्र पवन प्रसाद साहू का चयन विश्वप्रसिद्ध मल्टीनेशनल कंपनी एसएपी (Systems, Applications & Products in Data Processing) में सॉफ्टवेयर डेवलपर की भूमिका के लिए हुआ है. एसएपी अपने उच्च स्तरीय Enterprise Resource Management Tools के लिए जानी जाती है. पवन को कंपनी द्वारा 4.2 लाख रुपये वार्षिक का प्रारंभिक स्टाइपेंड प्रदान किया गया है. इसके साथ ही उन्हें BITS Pilani से M.Tech की पढ़ाई का अवसर भी प्रदान किया गया है, जिसकी व्यवस्था SAP कंपनी स्वयं करेगी. M.Tech पूरा होने के बाद कंपनी में 15 लाख रुपये वार्षिक पैकेज की पेशकश की जाएगी.

### चयन प्रक्रिया में कुल चार राउंड शामिल थे

पहला राउंड ऑनलाइन असेसमेंट टेस्ट था, जो 25 सितंबर को आयोजित किया गया था. इसमें लगभग 400 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 11 छात्रों ने यह राउंड क्वालिफाई किया. इसके बाद 10



अक्टूबर को टेक्निकल इंटरव्यू हुआ, जिसमें से 3 छात्रों ने क्वालिफाई किया.अंतिम चरण एच.आर. इंटरव्यू का था, जिसमें से केवल एक छात्र पवन प्रसाद साहू का चयन हुआ. इसका अंतिम परिणाम 16 अक्टूबर को घोषित किया गया. इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, प्लेसमेंट सेल के कन्वेनर शुभंकर आईएच, डीएसडब्ल्यू डॉ तरुण चक्रवर्ती, कोऑर्डिनेटर डॉ संतोष राजवार, असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर अनुभव चक्रवर्ती, डॉ राजू मांझी एवं अन्य शिक्षकों ने पवन को हार्दिक बधाई दी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि पवन प्रसाद साहू की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि यह इस बात का भी उदाहरण है कि यदि किसी छात्र के प्रोजेक्ट में नवाचार और समर्पण हो तो वह निश्चित रूप से बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकता है. कॉलेज ने हमेशा विद्यार्थियों के नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित किया है और पवन की यह उपलब्धि अन्य छात्रों को भी अपने विचारों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगी. बीएससी (कंप्यूटर साइंस) के कोऑर्डिनेटर डॉ संतोष राजवार ने कहा कि पवन की सफलता कॉलेज के लिए गर्व की बात है. उन्होंने यह साबित किया है कि यदि छात्र कॉलेज द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन का सही उपयोग करें, तो वे देश की शीर्ष कंपनियों तक पहुंच सकते हैं. यह उपलब्धि बाकी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह दशार्ती है कि कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है।

# सतरंगी लाइट से जगमगाया श्री श्याम मंदिर

**रांची, संवाददाता**

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज कार्तिक कृष्ण पक्ष की रंभा एकादशी के अवसर पर मंदिर में भक्तों की लंबी लाइन देखने को मिली।5:30 बजे की मंगला आरती में नियमित दर्शन करने वाले दर्शनार्थियों के अलावा ग्यारस में आने वाले श्याम भक्तों की भी काफी संख्या में उपस्थित थी। आरती के बाद मंड के पर्दे लगाकर बाबा श्याम का अनुपम दिव्य श्रृंगार किया गया। अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा को कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए तुलसीदल लाल मुरुगन फूल व्हाइट क्रिस्टनम येलो



क्रिस्टनम की मोटी मोटी मालाओं से सजाया । ग्यारस का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है और हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में दिन प्रतिदिन भक्तों की आस्था और मान्यता बढ़ती जा रही है। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भक्त अपनी अर्जी लेकर अपने आराध्य देव से अपनी अरदास लगाते हैं । जहां एक और भक्त अपनी अर्जी लेकर आए हुए थे और बाबा के चरणों में उसे समर्पित कर रहे थे। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ । पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू श्रीमती कल्पना मारू ने अपने परिवार के साथ बाबा श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित की । अखंड ज्योति में केसरिया पेडा पंचमेवा फल गिरीगोला रबड़ी एवं मगही पान का भोग लगाकर परिवार ने अपनी खुशहाली की प्रार्थना की। संकीर्तन कार्यक्रम गणेश वंदना से प्रारंभ हुआ । मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया ने गणेश वंदना श्याम सुंदर शर्मा ने गुरु वंदना राजेश चौधरी ने हनुमान जी की वंदना प्रवीण अग्रवाल ने भोलेनाथ जी की वंदना सलज अग्रवाल ने रानी सती दादी जी की वंदना एवं बाबा श्याम की वंदना महामंत्री गौरव अग्रवाल ने कि । इसके बाद मंदिर के अन्य श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। मंडल के मंत्री विष्णु चौधरी एवं उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया ने ग्यारस पूजन एवं ज्योत की सभी तैयारियां पूरी करवाई। मारू परिवार एवं आए हुए श्याम भक्तों को ज्योत दिलाने का कार्य भी करवाया । अखंड ज्योत प्रज्वलित होने के बाद आए हुए भक्तों के बीच प्रसाद वितरण निरंतर रात्रि आरती के बाद तक किया जा रहा था। मंडल के उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां महामंत्री गौरव अग्रवाल एवं मंत्री पंकज गाड़ोदिया ने प्रसाद वितरण का कार्य अन्य सहयोगियों के साथ सम्पन्न किया। विशेष श्रृंगार की मुकेश सिंघानिया के परिवार ने रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी केसरिया पेडा सचिदानंद लाल कुमुद अग्रवाल खुशबू गर्ग पंचमेवा भोग सेवा एक श्याम भक्त मगही पान सेवा सुभाष रौनक पोद्दार मुकेश बरनवाल फल प्रसाद एक श्याम भक्त गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल नवीन पोशाक सेवा मुकेश सिंघानिया द्वारा निवेदित की गई थी।



### 20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के समापन समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

# चुनौती के इस दौर में पुलिस को दक्ष होना जरूरी



इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस ड्यूटी मीट-2025 में आयोजित पुलिस के तकनीकी अनुसंधान तथा क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न पुलिस स्पधाओं में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया



संवाददाता । रांची

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज जैप-1 ग्राउंड डोरंडा रांची में आयोजित 20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट- 2025 के समापन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस विभाग किसी भी राज्य की रीढ़ होती है। पुलिस विभाग की जिम्मेवारी वर्तमान समय में चुनौतियों से भरा है। राज्य में जैसे-जैसे विकास के आयाम आगे बढ़ते हैं पुलिस की चुनौतियां भी बढ़ती चली जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तकनीकी युग में हमारे पुलिस के जवान किस प्रकार अधिक से अधिक दक्षता हासिल करें यह अत्यंत जरूरी है। आज हमारी सरकार राज्य के पुलिस महकमें को ज्यादा से ज्यादा दक्ष बनाने की जिम्मेदारी को पूरा करने का हरसंभव प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मैं उन सभी प्रतिभागियों एवं टीमों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में अपने-अपने क्षेत्र में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। साथ ही उन्हें भी मेरी हार्दिक बधाई जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेकर ईमानदारी पूर्वक प्रयास करना सबसे बड़ी बात है, इसके अतिरिक्त तीन उत्कृष्ट अनुसंधानकताओं को भी पुरस्कृत किया गया है उन्हें भी मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि 20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के प्रतिभागियों से अपेक्षा है कि प्रतियोगिता में भाग लेकर आपने जो भी ज्ञानार्जन किया है, उसका प्रयोग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जाकर करेंगे। साथ ही मुझे उन चयनित प्रतिभागियों से पूर्ण आशा है कि वे अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे।इस अवसर पर डीजीपी श्री अनुराग गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक ए०सी०बी० श्रीमती प्रिया दूबे, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान श्री मनोज कौशिक, पुलिस विभाग के वरीय एवं कनीय पदाधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### जयपुर रत्न भंडार प्राइवेट लिमिटेड का विधिवत उदघाटन



संवाददाता । रांची

रांची : जयपुर रत्न भंडार प्राइवेट लिमिटेड,रांची महिला कॉलेज आर्ट्स ब्लॉक के सामने, सर्कुलर रोड लालपुर रांची का विधिवत उद्घाटन झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने फीता काट कर किया. इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि जयपुर रत्न जेम्स एंड ज्वेलरी खुलने से ग्राहकों को यहां आधुनिक और अच्छी किस्म के ज्वैलरी आसानी से उपलब्ध होंगे,उन्होंने संचालक दीपक कुमार गुप्ता को शुभकामनाएं दी.इस मौके पर संचालक दीपक कुमार गुप्ता नें कहा की हमारे यहाँ पुराने सोने के गहने भी खरीदे जाते है,नवीनतम आभूषण संग्रह,ग्रहरत्नों का हॉलसेल रेट में खुदरा बिक्री की जाती है. हमारे यहाँ डायमंड,पन्ना,पीला नीलम, रूबी, पन्ना मोती,नीलमणि,बिल्ली की आँख हेसोनाइट जेम्स और ज्वेलरी में सबसे सस्ता और अच्छी क्वालिटी का उपलब्ध है. हमारी विशेषताएं 100% प्रमाणित रत्न,मूल बिल,80% से 90% कैश बैक (शुद्ध रत्नों में),शुद्ध रत्नों की गारंटी,पुराने रत्नों की खरीद की जाती है. हमारे यहां उच्च गुणवत्ता वाले ज्योतिषीय परामर्श ज्योतिष एवं तांत्रिक : जयन्त जी ज्योतिषाचार्य पाराशर योगेश (योगी जी) उपलब्ध है. 100% हॉलमार्क सोने की विशाल रेंज और सोने के गहनों पर 0 से 50% मेकिंग चार्ज चांदी के गहनों पर मेकिंग चार्ज फ्री है. रांची में स्थित जयपुर रत्न मंदिर, प्रीमियम ब्राइडल ज्वेलरी के लिए एक विश्वसनीय नाम है, जो हस्तनिर्मित सोने, हीरे और ग्राहकों के लिए का एक असाधारण संग्रह प्रस्तुत करता है।जटिल ब्राइडल सेट से लेकर आपकी शादी की पोशाक से मेल खाते गहनों तक, वे सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक आभूषण एक पौष्टिक विरासत बन जाए।वे शाही विवाह स्थलों सहित पूरे भारत में ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करते हैं. इस मौके पर नीलम सरावगी समेत कई लोग मौजूद थे.

### घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री बाबूलाल सोरेन ने नामांकन दाखिल किया।



संवाददाता । रांची

रांची : इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन, आजसू अध्यक्ष श्री सुदेश महतो, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री आदित्य साहू, विधायक श्री सरयू राय समेत भाजपा परिवार के कई साथी मौजूद रहे।



घाटशिला में नामांकन करते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी

### 5वीं इंडियन ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सदानंद एवं रोशन को रजत पदक



संवाददाता । रांची

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया,नई दिल्ली एवं तेलंगाना एथलेटिक्स संघ द्वारा आगामी 15 से 18 अक्टूबर तक जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम,हनुमकोंडा , वारंगल ,तेलंगाना में हो रही 5वीं इंडियन ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में (हजारीबाग)के सदानंद कुमार ने 100 मीटर रेस में 10.56 सेकेण्ड एवं 20 किलो मीटर रेस वॉक में (बोकारो भाटिया अकादमी के पूर्व प्रशिक्षु) रौशन कुमार ने 1:28.13 का समय के साथ रजत पदक जीता।

इस उपलब्धि पर राज्य के एथलीटों को खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, सचिव श्री मनोज कुमार,खेल निदेशक श्री शेखर जमुआर, झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमेन डॉ मधुकांत पाठक, जे.ए.ए.अध्यक्ष सी डी सिंह, सचिव एस के पांडे, प्रभाकर वर्मा, अजीत साहू, कोच विनोद सिंह,आशु भाटिया, अरबिंद कुमार, बिनोद कुमार,योगेश यादव, प्रभात तिवारी,समेत संघ के पदाधिकारियों ने राज्य के एथलीटों को बधाई दी ।

### मांडर में नए थाना प्रभारी मनोज करमाली का स्वागत, लोगों ने जताया सहयोग का भरोसा



संवाददाता । रांची

मांडर : मांडर थाना के नए थाना प्रभारी मनोज करमाली का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्य मंडली मुर्शीद अमीरी, बुढमू प्रखण्ड के मीडिया प्रभारी शाहबाज खान, मांडर प्रखंड के कांग्रेस (अध्यक्ष पद के प्रत्याशी) मांडर व पूर्व उपाअध्यक्ष आजाद अंसारी, इरफान अंसारी, रफीक अंसारी,सुहैल , मांडर कॉलेज के अध्यक्ष हमजा और माज अंसारी अतीक ने थाना प्रभारी को बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया।इस मौके पर सभी ने मांडर क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में नए थाना प्रभारी के साथ सहयोग का भरोसा दिलाया।थाना प्रभारी मनोज करमाली ने भी कहा कि क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### झारखंड ने किया 43ँ साउथ एशियन एथलेटिक्स सीनियर चैंपियनशिप 2025 का लोगो , मैस्कॉट और एंथम लॉन्च



संवाददाता । रांची

रांचीः रांची । 24 से 26 अक्टूबर 2025 तक होने वाली चौथी साउथ एशियन एथलेटिक्स (रअअऋ) सीनियर चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर आज राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत प्राकृतिक विविधता और खेल जगत में बढ़ती पहचान का उत्सव मनाते हुए, प्रतियोगिता का आधिकारिक लोगो, मैस्कॉट और एंथम समारोह में अनावरण किया गया।लोगो की प्रेरणा रअअऋका लोगो झारखंड की आत्मा और खेल भावना का संगम है 'दी लैंड ऑफ स्पोर्ट्स, कल्चर, और नेचर । इसमें राज्य की पारंपरिक जनजातीय कला, प्रतीक चिन्हों और प्राकृतिक धरोहर जैसे राज्य पक्षी, पेड, पुष्प, पशु एवं भौगोलिक स्वरूप की झलक दिखाई देती है। हरे रंग की आभा कुमारखंड के घने वनों और पारिस्थितिक समृ ?द्धि का प्रतीक है । जो जंगल की आत्मा को दशार्ती है । वह आत्मा जी यहाँ के लोगों में जीवित है। यह लोगी एथलेटिक ऊर्जा और सांस्कृतिक अस्मिता का अद् ?भुत मिश्रण है,

### रामरेखा महोत्सव में शामिल होने के लिए सिमडेगा डीसी कंचन सिंह ने मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण



संवाददाता । रांची

रांची : उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर आगामी 4, 5 और 6 नवंबर को आयोजित होने वाले रामरेखा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर इसका शुभारंभ करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री से हुई भेंट के दौरान उपायुक्त ने बताया कि रामरेखा धाम, सिमडेगा जिले का एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाला स्थल है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस महोत्सव को राज्य स्तर पर विशेष पहचान दिलाई जाए और उनकी उपस्थिति से आयोजन को नई ऊंचाई मिले। महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और आमजन की भागीदारी से जुड़े विविध आयोजन प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पहल की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।



रॉची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम द्वारा चडरी तालाब के बाउंड्री वॉल एवं आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान तालाब के बाउंड्री वॉल में किए गए सभी अस्थायी निर्माण एवं अतिक्रमण को तोड़कर हटाया गया। साथ ही संबंधित अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई।

### रांची//कारोबारी राधेश्याम साहू पर फायरिंग मामले में आधा दर्जन संदिग्ध हिरासत में, पुलिस की जांच जारी



संवाददाता । रांची

रांची:सीमेंट और छड़ व्यवसाय से जुड़े राधेश्याम साहू पर हुई फायरिंग की घटना को लेकर रांची पुलिस ने जांच तेज कर दी है। इस मामले में पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है, जिनमें दो बिल्डर और जमीन कारोबारी भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक हिरासत में लिए गए संदिग्धों में रांची के पुंदाग क्षेत्र से जुड़े दो बिल्डर और जमीन कारोबारी शामिल हैं। पुलिस की कई टीमें इस मामले के उद्भेदन में जुटी हुई हैं और हिरासत में लिए गए लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है। हालांकि, फिलहाल पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है।

इस बीच, पुलिस की एक टीम आसपास के जिलों में शूटरों की तलाश में भी भेजी गई है, ताकि हमले में शामिल अपराधियों तक पहुंचा जा सके।

परिवार की ओर से एफआईआर दर्ज, जमीन विवाद को बताया कारण

वहीं, घटना के बाद पीड़ित कारोबारी राधेश्याम साहू के बेटे सज्जन कुमार ने नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर में सज्जन ने पुरुषोत्तम कुमार और शशि शेखर समेत कुछ अज्ञात व्यक्तियों पर उनके पिता पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया है। सज्जन कुमार के अनुसार, उनके पिता का पुरुषोत्तम कुमार के साथ ढाई एकड़ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, जो

### चान्हो में नए थाना प्रभारी टिंकू रजक ने पदभार ग्रहण किया

#### रमीज राजा झारखंड मुक्ति मोर्चा चान्हो प्रखण्ड के उपाध्यक्ष) ने किया स्वागत



चान्हो : चान्हो थाना के नए थाना प्रभारी टिंकू रजक ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद स्थानीय लोगों और प्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा चान्हो प्रखंड के उपाध्यक्ष रमीज राजा ने थाना प्रभारी टिंकू रजक का बुके देकर स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने आशा जताई कि नए थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी ।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिला

संवाददाता । रांची

- सम्मान पेंशन देने के लिए गंभीर के लिए सरकार गंभीर : किशोर
- 6 नवंबर को आंदोलनकारियों का सम्मेलन नेतरहाट में,मंत्री आमंत्रित



रांची :रांचीः झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के अशोक नगर स्थित उनके आवास में मिले. प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर उन्हें राज्य सरकार के द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों को 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किए जाने के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिए. साथ ही 6 नवंबर 2025 को नेतरहाट में आयोजित झारखंड आंदोलनकारियों , किसानों व विस्थापितों के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने हेतु आमंत्रण पत्र सौंपे.प्रतिनिधि मंडल में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ,संरक्षक शशि भूषण राय, दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष श्रीमती रोजलीन तिर्की, प्रभारी अनथन लकड़ा, रांची जिला अध्यक्ष सुबोध लकड़ा,शैलेंद्र शर्मा , प्रकाश एक्का, प्रमुख थे.मौके पर प्रतिनिधि मंडल के साथ बातचीत करते हुए वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड आंदोलनकारी को राजकीय मान सम्मान, रोजी - रोजगार, नियोजन तथा सम्मान पेंशन देने के लिए गंभीर है. वर्तमान में जो 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है यह सरकार की प्रतिबद्धता है. कैबिनेट के माध्यम से मेरे संज्ञान में झारखंड आंदोलनकारियों के पुत्र पुत्री आश्रितों को तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के नौकरियों में नियुक्ति के लिए 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का मामला आया तो मैं फौरन ही अपनी ओर से कैबिनेट मंत्री की हैसियत से मंजूरी देने का काम किया. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आंदोलनकारियों के लिए अलग से एक कॉलम की भी व्यवस्था की गई है. यह व्यवस्था झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा प्रत्येक नियुक्ति में होगी. उन्होंने यह भी कहा कि आंदोलनकारी को सम्मान पर पेंशन की राशि भी देने का काम सरकार करेगी इसकी भी तैयारी चल रही है.

## सर सैयद अहमद खान: आधुनिक मुस्लिम पहचान के निमार्ता और दूरदर्शी नेता


संवाददाता । रांची

सर सैयद अहमद खान (1817झ1898) भारत के इतिहास के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक थे। वे सुधार के पहले समर्थकों में से थे जिन्होंने मुसलमानों के सामाजिक, शैक्षिक और बौद्धिक उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। वे एक न्यायाधीश, शिक्षक, लेखक और दार्शनिक थे। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद, जब भारतीय मुसलमान बुरी तरह से पिछड़ गए और अंग्रेजी हुकूमत के सामने असहाय हो गए, तब सर सैयद ने मुसलमानों को आधुनिक शिक्षा की ओर ले जाने का बीड़ा उठाया। उनका मानना था कि मुसलमान अगर आधुनिक विज्ञान और ज्ञान को अपनाएँ और अपने मजहबी मूल्यों के साथ तालमेल बनाए रखें, तो उनका भविष्य सुरक्षित रहेगा।

प्रारंभिक जीवन और शिक्षा

सर सैयद का जन्म दिल्ली में एक ऐसे परिवार में हुआ जो मुगल दरबार से जुड़ा हुआ था। उन्होंने पारंपरिक इस्लामी शिक्षा के साथ-साथ अंग्रेजी शासन की बदलती परिस्थितियों को भी समझा। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के न्याय विभाग में की।

1857 की क्रांति ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने इस आंदोलन में अंग्रेजों का साथ दिया, लेकिन इस





घटना ने उन्हें यह समझा दिया कि मुसलमानों को अपने सोचने और जीने के तरीके बदलने होंगे।

उन्होंने अपनी प्रसिद्ध किताब ₹असबाब-ए-बगावत-ए-हिंद₹ में यह लिखा कि 1857 की बगावत अंग्रेजों की गलत नीतियों का परिणाम थी, न कि किसी साज़िश का हिस्सा। इस किताब से उनकी हिम्मत और सोच दोनों का पता चलता है। उनका मानना था कि मुसलमानों की कमजोरी सिर्फ. अंग्रेजों की ताकत नहीं, बल्कि उनकी खुद की नालायकी और पुरानी सोच भी है।

शैक्षिक सुधार और अलीगढ़ आंदोलन

सर सैयद के सुधारों की बुनियाद शिक्षा थी। वे मानते थे कि इस्लाम और आधुनिक विज्ञान एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं, बल्कि एक-दूसरे को पूरा करते हैं। उन्होंने मुसलमानों में आधुनिक शिक्षा के महत्व को समझाने के लिए 1858 में मुरादाबाद और 1863 में गाजीपुर में स्कूल खोले।

1863 में उन्होंने साइंटिफिक सोसाइटी बनाई, जिसका मकसद था अंग्रेजी किताबों और वैज्ञानिक ज्ञान को भारतीय भाषाओं में अनुवाद करके लोगों तक पहुँचाना।1869झ70 में इंग्लैंड की यात्रा के दौरान उन्होंने ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय देखे और निश्चय किया कि भारत में भी मुसलमानों के लिए एक ह्लमुस्लिम कैम्ब्रिजह्व बनाना चाहिए। 1875 में उन्होंने मुहम्मदन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज (टअड उङ्क' ी) की स्थापना की, जो आगे चलकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (अटव) बना। उन्होंने इसे एक ऐसा संस्थान बनाया जहाँ इस्लामी मूल्यों के साथ आधुनिक शिक्षा दी जाए।

1886 में उन्होंने ऑल इंडिया मुहम्मदन एजुकेशनल कॉन्फ्रेंस की स्थापना की, जिससे मुसलमानों में शिक्षा का माहौल फैला।

# जिला के पुलिस कर्मियों के कल्याण को लेकर पुलिस सभा का आयोजन

**पुलिस कप्तान ने पुलिस कर्मियों से कहा कि अपने ड्यूटी में मुस्तैद रहें, स्वस्थ पर ध्यान दें और पब्लिक के साथ अच्छा व्यवहार करें समस्या हो तो मेरे पास आने का काम करें**




**रामगढ़, संवाददाता**

शुक्रवार को श्री अजय कुमार (भा०पु०से०) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों के कल्याण कार्य हेतु पुलिस केन्द्र, रामगढ़ में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। पुलिस समा का संचालन परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़ के द्वारा पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ की अध्यक्षता में किया गया। पुलिस सभा में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू / रामगढ़, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), रामगढ़, परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक, सभी पुलिस निरीक्षक, सभी थाना/ओ०पी० प्रभारी, पुलिस अवर निरीक्षक, सहायक अवर निरीक्षक, हवलदार, आरक्षी एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी तथा पुलिस एसोसिएशन शाखा रामगढ़/पुलिस मेन्स एसोसिएशन शाखा रामगढ़ के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। पुलिस सभा में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों एवं एसोसिएशन के द्वारा अपने/पुलिस कर्मियों से संबंधित समस्याओं को एक-एक कर पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के समक्ष रखा गया, जिसमें 1. सी०एन०ओ० में प्रतिनियुक्त स०अ०नि० सुखलाल राम, महिला थाना जिनका सेवाअवधि 06 माह शेष है को सी०एन०ओ० से किसी अन्य स्थान पर प्रतिनियुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया 2. बाहर से आने वाले पदाधिकारी के ठहरने के लिए अलग से कमरे की व्यवस्था की जाय, 3. महिला थाना प्रभारी के द्वारा महिला के काउन्सलिंग हेतु एक सेड का निर्माण, 5. बरलंगा थाना प्रभारी के द्वारा बरलंगा थाना का रंगाई-पोताई और छत की मरम्मती हेतु, 6. वे०बो० ओ०पी० प्रभारी के द्वारा एक कम्प्यूटर ऑपरेटर का मांग किया गया 7. गोला थाना प्रभारी के द्वारा सी०सी०टी०एन०एस० का कम्प्यूटर नया उपलब्ध कराने और गोला थाना का बाउंड्रीवाल मरम्मती कराने हेतु, ४. गोला थाना प्रभारी के द्वारा डी०भी०सी० चौक पर ट्राफिक के सुचारू रूप से चलाने हेतु ट्रॉपिक पुलिस की आवश्यकता बताया गया, 9. पी०सी० सेक्शन के द्वारा बताया गया कि पी०सी० सेक्शन में गोदरेज, कम्प्यूटर की आवश्यकता है. 10. पुलिस लाईन में बाथरूम की मरम्मती एवं फॉगिंग की व्यवस्था करने हेतु, 11. मेस में 01 अतिरिक्त सेनटैक्स की आवश्यकता है, जैसी समस्याओं को रखा गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा सर्वप्रथम रामगढ़ जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी/पुलिस कर्मियों को दुगार्पूजा शांतिपूर्ण सम्पन्न होने को लेकर बधाई दिया और सभी को एक-एक सुसेवांक से पुरस्कृत करने हेतु गोपनीय प्रयाचक को निर्देशित किया गया। तदोपरांत पुलिस सभा में उठाये गये समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पुलिस सभा के दौरान हीं समस्याओं के निदान हेतु परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़ पु०नि०-सह-थाना प्रभारी, यातायात थाना एवं गोपनीय प्रवाचक को निर्देशित किया गया है, साथ ही निम्नांकित निर्देश दिये गये 1. परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़ एवं सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि थाना में आने वाले आमजनता के बैठने एवं पिने के पानी की व्यवस्था करने, आमजनता के द्वारा किसी भी तरह का आवेदन देने पर उसकी जाँच करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने/आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। 2. पुलिस कर्मियों में किसी भी तरह का मतभेदन होने पर पुलिस अधीक्षक, रामगढ़, पुलिस उपाधीक्षकों, परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़ को बताये। 3. प्रत्येक सोमवार को थाना/प्रतिष्ठानों में परेड का आयोजन कर फोटो को ग्रुप में भजना सुनिश्चित करेंगे। इससे पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों का डिसपिलीन एवं ट्रन आउट अच्छा होगा। 4. एसोसिएशन के समक्ष अनियमितता से संबंधित किसी भी तरह का मामला आने पर पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को बताये। 5. किसी भी तरह की समस्या व्यक्तिगत हो या सामुहिक अपने नियंत्री पदाधिकारी या पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को अवगत करायें 6. अपने कर्तव्य का निर्वाहन पूरे मनोयोग से करें। 7. सभी थाना/ओ०पी० प्रभारी रात्रि में किसी व्यक्ति, महिला, बुजुर्ग, बच्ची को अकेले देखने उपर उनको उनके गंतव्य स्थल तक सुरक्षित पहुँचाना सुनिश्चित करें। गश्ती के दौरान वाहन का हुटर बजाते रहे और भ्रमणशील रहे, अलर्ट रहकर गश्ती करें। 8. सभी थाना/ओ०पी० प्रभारी एवं पुलिस केन्द्र, रामगढ़ अपने-अपने थाना / प्रतिष्ठान में फटीक करवायें और साफ-सुथरा रखें। 9. सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थाना / ओ०पी० अपने नीचे के पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों के द्वारा कोई समस्या बताते है तो उसका निराकरण करें। 10. अगामी दिपावली और छठ पर्व को लेकर शुभकामनाएँ दिया गया और अच्छे से डियूटी करने का निर्देश दिया गया। अंत में पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को मुस्तैदी से डियूटी करने, पब्लिक के साथ अच्छा व्यवहार करने, अपने स्वास्थ का ध्यान रखने तथा किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर मिलकर अवगत कराने हेतु कहा गया ताकि ससमय समस्याओं का निराकरण किया जा सकें। सदर हॉस्पीटल, रामगढ़ के द्वारा से मेडिकल कैम्प सह रक्तदान जीवनदान शिविर पुलिस केन्द्र, रामगढ़ में लगाया गया। जिसमें रामगढ़ जिला के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान शिविर को सफल बनाने हेतु सहयोग किये। मेडिकल कैम्प सह रक्तदान जीवनदान शिविर में डॉ उदय श्रीवास्तव, डॉ निशात अहमद, डॉ डोली, डॉ राजेश एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। सदर हॉस्पीटल, रामगढ़ के द्वारा मेडिकल कैम्प सह रक्तदान जीवनदान शिविर में कुल 22 पुलिस कर्मियों के द्वारा रक्तदान किय गया जिसके माध्यम से कुल 22 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया, जिसका उपयोग थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और गंभीर एनीमिया जैसे बीमारियों एवं अन्य वैसे मरीज जिनको रक्त की आवश्यक के लिये किया जाता है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ एवं सदर हॉस्पीटल चिकित्सक के द्वारा सभी रक्तदान करने पदाधिकारियों/कर्मियों को प्रमाण पत्र, कलम एवं चाबी रिंग दिया गया तथा पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के करने वाले पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों का मनोबल बढ़ाये रखने हेतु सभी को एक-एक सुसेवांक से गया।

## व्हाट्सऐप पर मां दुर्गा के खिलाफ अभद्र पोस्ट, अधिवक्ता ने प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की

**बोकारो, संवाददाता**



शहर में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ एक व्हाट्सऐप ग्रुप में हिन्दू देवी माँ दुर्गा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने से धार्मिक भावना भड़क गई। बोकारो सिविल कोर्ट के अधिवक्ता मृत्युंजय मल्लिक ने सिटी थाना में लिखित आवेदन देकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मल्लिक ने शिकायत में बताया कि अम्बेडकर वादी अधिवक्ता संघ नामक व्हाट्सऐप ग्रुप का संचालन अशोक महतो (मोबाइल नंबर 9142600652) और एक अज्ञात व्यक्ति (मोबाइल नंबर 7209735337) द्वारा किया जाता है।

3 अक्टूबर 2025 की रात 8:03 बजे, अशोक महतो ने ग्रुप में ऐसा आपत्तिजनक पोस्ट साझा किया जिसमें माँ दुर्गा का अपमान करते हुए उनका तुलनात्मक रूप से अभद्र और अमर्यादित वर्णन किया गया। शिकायतकर्ता ने कहा कि यह कृत्य जानबूझकर हिन्दू धर्म की भावना को ठेस पहुँचाने, धार्मिक उन्माद फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने अशोक महतो द्वारा किए गए पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी साक्ष्य के रूप में संलग्न किया। अधिवक्ता मल्लिक ने पुलिस से अनुरोध किया है कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 196 और 299 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए। इस घटना के बाद शहर के बुद्धिजीवी वर्ग, अधिवक्ता संघ और धार्मिक संगठनों में तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी।

## चिन्मय विद्यालय में ज्ञान-विज्ञान मेला 2025 का भव्य आयोजन

**बोकारो** : चिन्मय विद्यालय, बोकारो में ज्ञान–विज्ञान मेला 2025 का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्री–नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी कला–कौशल और इनोवेशन आइडिया से सभी को प्रेरित किया। मेले की शुरूआत गणमान्य अतिथियों द्वारा मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिन्मय मिशन, बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती उपस्थित रहीं। साथ ही विद्यालय के अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी और हेडमास्टर गोपाल चंद्र मुंशी भी मौजूद थे। स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ‟समावेशी विकास चिन्मय विद्यालय की सबसे बड़ी विशेषता है।” उन्होंने कहा कि शिक्षक जो ज्ञान देते हैं, वही बुद्धि का आधार बनता है और विज्ञान के साथ मिलकर जीवन को दिशा देता है। मेले में कुल 26 स्टॉल लगाए गए, जिनमें विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्पोट्र्स विभाग और एआई विभाग के मॉडल्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यालय के सचिव श्री महेश त्रिपाठी ने कहा कि ‟ज्ञान–विज्ञान मेला विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच का उत्सव है।” उन्होंने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को बधाई दी तथा अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिसर पूरे दिन उत्साह, नवाचार और रचनात्मक ऊर्जा से भरा रहा।

## भूषण +2 उच्च विद्यालय नावाडीह में कौशल प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का आयोजन

**बेरमो, संवाददाता**



भूषण +2 उच्च विद्यालय नावाडीह में कौशल प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, नवाचार और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक गौरव कुमार रायचंद (आईटी/आईटीईएस विभाग), विजय कुमार (मीडिया एंड एंटरटेनमेंट) तथा महेश कुमार (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर) के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावहारिक शिक्षा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करना था। आईटी विभाग में 200 से अधिक विद्यार्थियों के नामांकन में से कई विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा नवम के खुशी एवं टीम, (विजेता) दशम के मानसी एवं टीम ,11वीं के पल्लवी एवं टीम ,12वीं के सजदा एवं टीम विजेता रहें सभी विजेता टीमों को जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के लिए नामांकित किया गया है । सजदा एवं टीम (कक्षा 12वीं) को प्रोजेक्ट ऑल इन वन अटेंडेंस सिस्टम विशेष रूप से सराहा गया। यह प्रणाली फेशियल रिकग्निशन (चेहरा पहचान) तकनीक पर आधारित है, जिसके माध्यम से छात्र के विद्यालय में प्रवेश करते ही उपस्थिति स्वतः दर्ज हो जाती है और अभिभावक के मोबाइल पर सूचना भेजी जाती है। यह आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नावाडीह प्रखंड के बीआरपी चमन लाल जोशी एवं सीआरपी उपेंद्र पंडित रहे , जिन्होंने विद्यार्थियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे नवाचारी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्य सुनील सुमन के नेतृत्व में हुआ, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह आयोजन सफल हुआ। विशेष आभार वरिष्ठ शिक्षक अखिलेश सिंह का रहा जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।साथ ही अभिषेक सिंह (आईसीटी प्रशिक्षक) का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने तकनीकी और संगठनात्मक सहयोग देकर पूरे कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न कराने में सहायता की। मौके पर शिक्षक ललन झा, सुकुमार, अभिलाषा, छत्रबली पंडित,भोला कुमार, अरविंद महतो, राजेश यादव, भागीरथ महतो, टंकेश्वर कुम्हार, रामवृक्ष कुमार आदि मौजूद थे।

## बिस्टुपुर डीसी लाउंच में तोड़फोड़ का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**जमशेदपुर, संवाददाता**



13 अक्टूबर की संध्या बिस्टुपुर थाना अंतर्गत रामदाम भट्टा स्थित डीसी लाउंज में हुए तोड़फोड़ मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रामदास भट्टा ग्वाला बस्ती रोड नंबर 5 निवासी मो. मुस्ताक गद्दी के रुप में हुई है। साथ ही पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तोड़फोड़ में प्रयुक्त लोहे का रड भी बरामद किया है। मामले का खुलासा शुक्रवार पुलिस ऑफिस में एसपी सिटी कुमार शिवाशीष ने प्रेसवार्ता में किया।

मौके पर डीएसपी सीसीआर मनोज ठाकुर और थाना प्रभारी आलोक दुबे समेत अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। वार्ता में एसपी ने बताया कि मामले में कार्रवाई के लिए एसएसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था। जिसका नेतृत्व डीएसपी सीसीआर रह रहे थे। वहीं अनुसंधान के क्रम में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आगे उन्होंने मामले में बताया कि मो. मुस्ताक के भतीजे के साथ कुछ लोगों ने साकची में मारपीट की थी। जिसमें एक युवक डीसी लाउंज के संचालक का रिश्तेदार था। इसी आक्रोश में आकर उसने बिस्टुपुर स्थित डीसी लाउंज को टारगेट करते हुए तोड़फोड़ की। इस घटना में बिस्टुपुर और साकची थाने में दो अन्य मामले भी दर्ज किया गया है। जिसका अनुसंधान किया जा रहा है। फिलहाल आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## नकली शराब फैक्ट्री में उत्पाद विभाग ने की छापेमारी, 800 लीटर स्प्रिट और 50 पेटी शराब जब्त

**कतरास, संवाददाता**



तेतुलमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलाटाँड़ में चल रहे मिनी शराब फैक्ट्री में शुक्रवार को उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। दीपावली से ठीक पहले उत्पाद विभाग को न केवल एक बड़ी सफलता मिली है बल्कि अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप भी मचा है। विभाग की टीम ने तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलाटाँड़ से दिनेश टुडू के घर से करीब 800 लीटर कच्चा स्प्रिट, पंचिंग मशीन, नकली रैपर, खाली बोतल, ढक्कन, टंकी सहित कई अन्य सामग्री जब्त की है। वहीं सोनारडीह स्थित सुरज महतो के आवास से करीब 50 पेटी नकली शराब जब्त की गई है।

उत्पाद विभाग के अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तिलाटांड और सोनारडीह इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर दोनों जगह छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान तीलाटांड स्थित दिनेश टुडू के घर पर संचालित मिनी फैक्ट्री से करीब 800 लीटर कच्चा स्प्रिट, पंचिंग मशीन, नकली रैपर, खाली बोतल, ढक्कन, टंकी सहित कई अन्य सामग्री जब्त की गई। अवैध फैक्ट्री में रॉयल स्टैग, ब्लेंडर्स प्राइड, सिग्नेचर और मैकडॉनल्ड जैसे नामी ब्रांड की नकली शराब तैयार की जा रही थी। अधिकारी ने बताया कि यह शराब धनबाद के विभिन्न इलाकों में खपाने की योजना थी। जब्त की गई नकली शराब और कच्चे माल का बाजार मूल्य करीब 25 लाख रुपये आंका गया है। उत्पाद विभाग ने बताया कि दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान तेज किया गया है।

## कुटुम्बश्री संस्थान के सी. ओ. ओ. ने उपायुक्त से की मुलाकात

**धनबाद, संवाददाता**



अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से विस्थापित लोगों के लिए रोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करने हेतु स्वयं सहायता समूह के सशक्तिकरण पर हुई विस्तृत चर्चा। कुटुम्बश्री संस्थान के सी. ओ. ओ. प्रशांत एम० पी० एवं उनके दो सहयोगियों ने आज समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन से मुलाकात की। इससे पूर्व कुटुम्बश्री संस्थान के उडड प्रशांत एम० पी० एवं उनके दो सहयोगियों द्वारा धनबाद के विभिन्न जगहों का भ्रमण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से विस्थापित लोगों के लिए रोजगार की संभावनाओं को अन्वेषण करना था। भ्रमण के दौरान अग्नि प्रभावित क्षेत्र एवं बेलगड़िया विस्थापन कोलोनी का दौरा, दोनों जगहों पर रह रहे लोगों से वातार्लाप, स्वयं सहायता समूह के साथ FGD, कौशल विकास केंद्र में पढ़ रहे बच्चों के साथ FGD एवं बलिआपुर में कृषक उत्पादक संगठन (FPO) का दौरा शामिल था। प्रशांत के नेतृत्व में उपायुक्त, धनबाद, आदित्य रंजन, को अंतर विश्लेषण (Gap Analysis) पर चर्चा की गई। रोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करने हेतु स्वयं सहायता समूह के सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा हुई। इस चर्चा में DPM, JSLPS, शैलेश रंजन, DMFT टीम एवं JRDA से जीतेन्द्र मलिक शामिल थे।

## टुण्डी पशुपालन विभाग में अनियमितताएं उजागर मीना हेंब्रम ने विभाग को खरी खोटी सुनाई

**धनबाद, संवाददाता**



टुण्डी पशुपालन विभाग में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं तब उजागर हुई जब विभाग द्वारा समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी की कक्ष एवं अध्यक्षता में हो ही रहा था कि जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम ने आगामी वित्तीय वर्ष की पशुधन वितरण की संचिका मांगी पर विभाग उपलब्ध कराने में असफल रही तभी मीना हेंब्रम ने प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी को भरपूर खरी खोटी सुनाई और चेतावनी लहजे में बोली कि अगले वित्तीय वर्ष की सभी संचिकाएं एवं लाभूकों की सूची एवं वितरण किए गए घरों को डोर टू डोर निरीक्षण के बाद ही अगली बैठक आयोजित की जायेगी जब तक जनप्रतिनिधियों को संतोषजनक एवं सही सूची उपलब्ध नहीं करा दी जाती बैठकें स्थगित ही रहेंगी। वहीं टुण्डी प्रमुख मालती मरांडी ने बैठकों एवं वितरण कार्य से वंचित किए जाने पर विभाग को घेरते हुए सभी कार्य फिलहाल अगले आदेश तक स्थगित रखने की बातें कही। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल कुमार पाण्डेय ने प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी को रतनपुर पंचायत में विभाग द्वारा किए गए पशुधन वितरण कार्यक्रम की? जांच का आदेश दिया है एवं जब-तक जांच रिपोर्ट नहीं आ जाता उक्त पंचायत में पशुधन वितरण पर रोक लगाने की बातें कही। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल कुमार पाण्डेय, जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम, प्रमुख मालती मरांडी, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरूचरण बास्की, झामुमो नेता फूलचंद किस्कू आदि मौजूद थे।

## तीन सौ केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झरिया विधायक रागिनी सिंह ने किया

**धनबाद, संवाददाता**



झरिया विधानसभा क्षेत्र के गोपालीचक मोड़, 8 नंबर क्षेत्र में बी.सी.सी.एल. प्रबंधन के सहयोग से 300 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। जहा झरिया विधायक रागिनी सिंह के द्वारा फीता काटकर व नारियल फोड़ कर विधिवत नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया।लंबे समय से इस क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति और वोल्टेज की समस्या बनी हुई थी। झरिया विधायक रागिनी सिंह के निरंतर प्रयास एवं बी.सी.सी.एल. प्रबंधन से हुई सकारात्मक वार्ता के फलस्वरूप नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को स्थायी रूप से सुचारु एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शैलेन्द्र सिंह, नन्हे सिंह, अनूप सिंह, समता सिंह, सरवन चौहान, भीम चौहान, दीपक भुइया, शिवधरी धिकार, अर्जुन भुइया, हरेराम राम सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## जलवायु परिवर्तन और आजीविका के नवाचार पर गोष्ठी का आयोजन

**बोकारो, संवाददाता**



जलवायु परिवर्तन और आजीविका के नवाचार विषय पर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन सारथी नेटवर्क बोकारो और प्रदान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जैनमोड़ स्थित आर्यन होटल में किया गया। इस गोष्ठी में वक्ताओं ने झारखंड में कोयला आधारित आजीविका से जस्ट ट्रांजिशन न्यायसंगत परिवर्तन की दिशा में पहल और पारंपरिक कृषि में नवाचार के महत्व पर अपने विचार रखे। जस्ट ट्रांजिशन पर सार्थक चर्चा कार्यक्रम में दामोदर बचाओ आंदोलन के गुलाब चंद्र ने बोकारो सहित पूरे झारखंड में कोयला आधारित आजीविका से उत्पन्न सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जस्ट ट्रांजिशन (न्यायसंगत परिवर्तन) की अवधारणा को समझाते हुए बताया कि यह परिवर्तन केवल ऊर्जा के क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समुदाय, आजीविका और पारिस्थितिकी के संतुलन की प्रक्रिया है। अंजनी कुमार सिन्हा ने पारंपरिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खेती में नवाचार और पोषण-संतुलित भोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि में नवाचार जलवायु परिवर्तन के दौर में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर सकता है। जस्ट ट्रांजिशन जागरूकता यात्रा की जानकारी देते हुए सहयोगिनी संस्था के गौतम सागर ने बताया कि झारखंड में जस्ट ट्रांजिशन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए आगामी 5 से 12 नवंबर तक एक जागरूकता यात्रा आयोजित की जाएगी। यह यात्रा सिद्धू-कान्हू के जन्मस्थल भोगनाडीह (साहेबगंज) से शुरू होकर भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थल उलिहातु (खूंटी) तक जाएगी। प्रदान संस्था की नवाचारी पहलें प्रदान संस्था के पीयूषमय और जुबा ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए आजीविका के क्षेत्र में संस्था द्वारा की जा रही नवाचारी पहलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिश्रित खेती और पुनजीर्वी खेती को बोकारो जिले के नावाडीह, गोमिया, कसमार, पेटरवार, बेरमो और चास प्रखंडों में जस्ट ट्रांजिशन की दिशा में एक विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। गोष्ठी में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सारथी नेटवर्क और साझेदार संस्थाएं मिलकर नियमित रूप से वर्कशॉप और बैठकें आयोजित करेंगी, ताकि कृषि, जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ आजीविका के वैकल्पिक मॉडल को और मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम को कृषि विशेषज्ञ अंजनी कुमार सिंह तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे बदलाव तथा कोयला क्षेत्र में आजीविका को लेकर सभी स्टेकहोल्डर को एक साथ मिलकर काम किए जाने की जरूरतहै। कार्यक्रम में विनोद कुमार यादव, रुही प्रवीण, रीना कुमारी, तारकेश्वर कुमार, विजय कुमार ठाकुर, ज्योत्सना जायसवाल, चंदन शर्मा, सुदीप्ता हाजरा, संजय कुमार सिंह, समीना खातून, अपर्णा रॉय, पुष्पा देवी, बिंदिया सिंह, और नरेंद्र कुमार महतो सहित अनेक प्रतिभागी उपस्थित थे।

